इटली में पिस्टल से निशाना लगाएंगी अभीप्सा सिंह

शहडोल, देशबन्धु। जिले के बुढ़ार में रहने वाली 15 वर्षीय अभीप्सा सिंह आगामी दिनों में इटली में पिस्टल से निशाना लगाते हुए नजर आएंगी। आगामी अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा में वह भारत की टीम के साथ हिस्सा लेंगी। बुढार की यह खिलाड़ी मध्य प्रदेश से इटली जाने वाली प्रतिभागियों में एकमात्र शूटर होंगी। शूटिंग में 25 और 50 मीटर रेंज में चयनित होने वाली वह एकमात्र खिलाड़ी हैं। अभीप्सा ने सिर्फ शूटिंग में ही नहीं, बल्कि कराटे में भी महारत हासिल की है। महज 13 साल की उम्र में उसने कराटे में ब्लैक बेल्ट प्राप्त किया था। उसकी इस सफलता से जिले, प्रदेश और अब देश का नाम रोशन हो रहा है। वह बुढार के ट्रांसपोर्ट व्यवसायी रमेश उर्फ दादू सिंह की सुपुत्री हैं। अभीप्सा अब तक शूटिंग में चार गोल्ड मेडल भी जीत चुकी हैं, जो क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है।

अभीप्सा का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतिभा चयन खोज परीक्षा के माध्यम से हुआ था, जिसके बाद वह मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी भोपाल में ट्रेनिंग के लिए गईं। वह पिछले दो साल से वहाँ रहकर प्रदेश की शूटिंग स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं। अब वह चेन्नई में आयोजित होने वाली शूटिंग स्पर्धा में शामिल होने जा रही हैं। इसके बाद वह देश से बाहर जाकर अपनी

शूटिंग की प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी।

इस छोटी सी उम्र में शहडोल जिले के बुढार जैसे छोटे नगर से निकलकर प्रदेश स्तर तक पहुंचना उसकी कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उसकी लगन को दर्शाता है। जब वह देश के बाहर शूटिंग स्पर्धा में भाग लेगी, तो यह न केवल बुढार और शहडोल जिले, बल्कि मध्य प्रदेश और पूरे भारत के लिए गर्व की बात होगी। उसकी इस सफलता के बाद कोयलांचल के खेल प्रेमियों में भी खुशी की लहर है।

परिजनों ने बताया कि अभीप्सा मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी में जाकर शूटिंग में अपना करियर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

हीटर में रोटी बना रही महिला की करंट लगने से मौत

शहडोल, देशबन्धु। जिले के जैतपुर में इलेक्ट्रिक हीटर में रोटी बना रही एक महिला की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के लोग जब किचन में पहुंचे तो महिला अचेत अवस्था में हीटर के पास पड़ी हुई थी। इसके बाद परिजनों ने हीटर बंद कर महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैतपुर में रहने वाली 38 वर्षीय शशि बरगाही रोज की तरह घर में इलेक्ट्रिक हीटर पर रोटी बना रही थीं। रोटी सेकते समय शशि ने हाथ में चिमटा पकड़ा हुआ था, जो गलती से हीटर के तार से छू गया। इससे उसे जोरदार करंट लगा और वह अचेत होकर गिर गई। काफी देर तक जब किचन से कोई आहट नहीं आई, तो घर के अन्य सदस्य किचन में पहुंचे तो देखा कि शशि अचेत अवस्था में पड़ी थी। इसके बाद परिजन हीटर बंद कर शशि को तुरंत अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जैतपुर थाना प्रभारी राम कुमार गायकवाड़ ने बताया कि 38 वर्षीय महिला शशि की मौत हीटर से करंट लगने के कारण हुई है। परिजनों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 17 चीतल कूनो नेशनल पार्क में शिफ्ट, 500 भेजे जाएंगे

उमरिया, देशबन्धु। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से 17 चीतल सुरक्षित कूनो नेशनल पार्क में शिफ्ट हो गए हैं। चीता परियोजना के तहत कूनो के जंगल में चीतलों की संख्या का अनुपात बनाए रखने बांधवगढ़ से शिफ्ट किया गया है। 500 चीतल भेजने का लक्ष्य रखा गया है।

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से बाघ विहीन जंगलों में बाघों को भेजे जाने के अलावा यहां से चीतल भी अन्य जन्य जंगलों में जैव विविधता का संतुलन बनाए रखने के लिए भेजे जा रहे हैं। वर्तमान में 17 चीतल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सुरक्षित कूनो राष्ट्रीय उद्यान शिफ्ट किए गए हैं। चीता परियोजना के तहत कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फूड चैन का संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से तथा चीता को जंगल में आवश्यक भोज्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 500 चीतल कूनो शिफ्ट किया जाना है, जिसकी पहली खेप के रूप में 17 चीतल सुरक्षित रवाना किए जा चुके हैं।

दरअसल जंगल में जैव विविधता एवं खाद्य श्रृंखला में शामिल घटकों में अगर एक भी घटक

का अनुपात से भी कम हो जाए तो जंगल का अपेक्षित संतुलन बिगड़ जाता है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में सघन वन, झाड़,जलस्रोत मांसाहारी जीव तो मौजूद हैं, लेकिन शाकाहारी जीवों का अनुपात अन्य घटकों की अपेक्षा कम है। इसीलिए बांधवगढ़ से प्रारंभिक तौर पर 17 चीतल भेजे गए हैं अगले चरणों में कुल 500 चीतल भेजे जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

सार-समाचार

लाडली बहनों को 1250 रुपये की नवम्बर माह की किश्त का वितरण नौ को

पन्ना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर से लाड़ली बहनों के खाते में नवम्बर माह की 1250 रूपए की किश्त राशि अंतरित करेंगे। इससे पन्ना जिले के लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं भी लाभांवित होंगी। अब तक लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त माह अगस्त 2023 एवं 2024 में लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना के प्रारंभ में पात्र हितग्राहियों को 1000 रूपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई।

योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में बेस्ट प्रैक्टिसेस के आवेदन आमंत्रित

पन्ना, देशबन्धु। प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग संजय कुमार शुक्ल ने जिला कलेक्टर्स को जिले में हो रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने के लिये नीति आयोग के निर्देशानुसार आवेदन आमंत्रित करने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग जिलों के नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने एक मंच प्रदान कर रहा है। इसके लिये विषयवार संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। सुशासन एवं अभिनव सफल प्रथाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों की पहचान करना राज्य नीति आयोग का प्रमुख कार्य है।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा है कि आयोग द्वारा जिलों से प्राप्त आवेदनों को उनके नवाचार के आउटकम, रिप्लीकेबिलिटी और स्केलेबिलिटी के आधार पर चयनित किया जाएगा। चयनित किए गए जिलों के कलेक्टर या उनके जिलों के उप सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा अथवा बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में समन्वय हेतु ईश गुप्ता, कंसलटेंट, राज्य नीति आयोग 9826050969 से संपर्क किया जा सकता है। सभी को निर्देशित किया गया है कि संलग्न लिंक में अपने जिलों की बेस्ट प्रेक्टिसेस की जानकारी प्रविष्ट करें। सभी जिले गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा करने के पात्र होंगे।

पशु संगणना का दिया प्रशिक्षण

पन्ना, देशबन्धु। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना कार्य में नियोजित सुपरवाईजर एवं प्रगणकों को गत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पशु संगणना के संबंध में प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी सहित जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह, सहायक नोडल अधिकारी शिवप्रसाद त्रिपाठी एवं डॉ. दिनेश पटेल द्वारा भी पशु संगणना के दृष्टिगत आवश्यक पहलुओं, निर्देश एवं बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि जिले के समस्त ग्राम और शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों में पालतु पशुओं सहित गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशु, बकरी, भेड़, सूकर, घोड़ा, खच्चर, मुर्गी तथा पक्षियों की गणना सहित निराश्रित गौवंश एवं कुत्तों की गणना भी की जाएगी।

जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने मैराथन दौड़ के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की। आम नागरिकों से भी मैराथन में शामिल होने का आग्रह किया गया है। प्रतिभागी आमजनों को विधिक जागरूकता के संकल्प के साथ दौड़ में शामिल होंगे। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

मैराथन दौड़ का आयोजन आज

शहडोल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत 9 नवंबर को सद्भावना मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। सद्भावना/मैराथन दौड़ का शुभारंभ 09 नवंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहडोल द्वारा प्रात: 08 बजे किया जावेगा। सद्भावना/मैराथन दौड़ संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होगी।

मानपुर में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

ब्यौहारी, देशबन्धु। सीधी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व लोकसभा सहसंयोजक एवं जिला पंचायत शहडोल में सांसद प्रतिनिधि विमलेश मिश्रा का जन्मदिन 5 नवंबर को कार्यकर्ताओं ने बड़े ही जोश के साथ मनाया जिले भर के उनके समर्थक मानपुर में उनके निजी होटल प्रगति में पहुंचे जहां पर केक काटकर अपने नेता का जन्मदिन मनाया आपको बताते चले की विमलेश मिश्रा की गिनती शहडोल जिले की कद्दावर नेताओं में होती है। प्रदेश तक अपनी राजनीति का दखल रखते है एवं सीधी संसदीय क्षेत्र के डॉ. राजेश मिश्रा के खास माने जाते हैं। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री भी उनका खास महत्व देते हैं। जन्मदिन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से

ब्योहारी के विधायक शरद जुगलाल कोल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सातिका प्रसाद तिवारी जिला कार्यसमिति सदस्य, रामसुमिरन चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी , श्यामपाल तिवारी, मनोज ताम्रकार, सौरव शुक्ला, राकेश तिवारी लाल, प्रभात तिवारी, अंकित शर्मा, शालिक राम तिवारी, नरेंद्र तिवारी लाल, गौरव सिंह गोल्डी, कृष्ण गोपाल शुक्ला, संजय गुप्ता, सज्जन सिंह परस्ते, सचिन सिंह बघेल, अज्जू खान, अरुण द्विवेदी, कमल खटीक, सौरभ यादव, कपिल मिश्रा, अतुल प्रजापति, रिंकू राठौर व अन्य उपस्थित रहे।

कार्य नहीं करने वाली एजेंसियों को हटाएं, पुनः टेंडर कराएं

शहडोल, देशबन्धु। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी.नरहरि ने आज शहडोल संभाग में जल जीवन मिशन एवं जल निगम द्वारा कराए जा रहे जल प्रदाय योजनाओं की और हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक श्री नरहरि ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अति महत्वपूर्ण मिशन है, जल जीवन मिशन के निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण कराएं।

प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो निर्माण एजेन्सियां जल जीवन मिशन के कार्यों में उदाशीनता बरत रही हैं ऐसी सभी निर्माण एजेन्सियों को हटाएं तथा पुन: टेन्डर कराकर अच्छे कार्य करने वाली निर्माण एजेन्सियो से कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के सभी निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होनें कहा है कि शासन कि इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को मिलना चाहिए, इसके लिए तेजी से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में प्रबंध संचालक जल निगम केव्ही चौधरी ने शहडोल संभाग में जल

प्रमुख सचिव ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की

निगम के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल केके सोनगरिया, मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एचएस गौंड़, मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत शहडोल सुश्री अंजली रमेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ट शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ओहरिया, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एसएल धुर्वे, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम के मैदानी अधिकारी उपस्थित रहे।

30 नवंबर को होगा सत्याग्रह

मझौली/सीधी, देशबन्धु। जिला अस्पताल सीधी के निजीकरण को रोकने के लिए 30 नवंबर को जिला अस्पताल के सामने सत्याग्रह किया जाएगा, जिसके संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया। बताते चलें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सात नवंबर को पूजा पार्क सीधी में बैठक की गई, जिसमें राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के संगठन महामंत्री रवि दत्त सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं उमेश तिवारी संयोजक टोंको-रोको-ठोंको क्रांति मोर्चा के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में दो बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें पहले सत्याग्रह की तिथि निर्धारित करने के लिए जिसमें 30 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई। दूसरे बिंदु में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी देने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में सभी ने प्रदेश सरकार के इस निर्णय की निंदा करते हुए आक्रोश प्रकट किया गया कि प्रदेश के शहर से लेकर ग्रामीण इकाई की स्वास्थ्य सेवा यानी 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निजीकरण करना प्रस्तावित किया गया है। ऐसे में यही माना जाएगा कि प्रदेश की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था ही निजीकरण में चली जाएगी जिसका परिणाम प्रदेश के बहुसंख्यक गरीब, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ कुठारा घात किया गया है, जो सरकारी अस्पतालों पर स्वास्थ्य सेवा के लिए आश्रित है। बैठक में प्रमुख लोगों को जिम्मेदारी दी गई है जिसमें प्रचार प्रसार, पर्चा बुलेटिन एवं कार्यक्रम में टेंट, पंडाल, माइक इन सबकी जिम्मेदारी तय की गई है। बैठक में सभी सामाजिक संगठनों, किसान मजदूर संगठनों, राजनैतिक संगठनों आम नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि 30 नवंबर को सत्याग्रह में शामिल होकर अपने जागरूक नागरिक होने का परिचय देते हुए सहभागिता निभाएं ताकि जिला अस्पताल के निजीकरण को रोका जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से ददन सिंह,कान्हा मिश्रा, राजकुमार तिवारी, प्रभात वर्मा, विवेक कुमार कोल, अंजुल गुप्ता , अजय पांडेय, अमन त्रिपाठी, सचिन पांडेय, देवेंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, उर्मिला रावत, विकास नारायण तिवारी, दिनेश प्रताप सिंह, विजय बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मैराथन दौड़ का आयोजन नौ को

पन्ना, देशबन्धु। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत शनिवार, 9 नवम्बर को प्राधिकरण कार्यालय से गांधी चौक तक मैराथन दौड़ को आयोजन किया जाएगा। विधिक जागरूकता के उद्देश्य से सुबह 8 बजे मैराथन दौड़ शुरू होगी। मैराथन अजयगढ़ चौराहा, प्राणनाथ चौक, गांधी चौक से होते हुए वापस प्राधिकरण कार्यालय में समाप्त होगी। गत 4 नवम्बर से प्रारंभ विधिक सेवा सप्ताह के अंतिम दिवस शनिवार को आयोजित होने वाली मैराथन में प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों के समन्वय से पैरालीगल वॉलेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारी, विधिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ एवं स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी सहभागिता करेंगे।

नसबन्दी कराने पर मिलेंगे रुपए

शहडोल, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि माह नवम्बर के परिवार कल्याण नसबन्दी कार्यक्रम अतंर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवा आपूर्ति के दिन नियत किये गए हैं जिसके अतंर्गत सामु.स्वा. केन्द्र बुढार में प्रत्येक सोमवार, सामु.स्वा. केन्द्र गोहपारू प्रत्येक बुधवार, सामु.स्वा.केन्द्र जयसिंहनगर में प्रत्येक गुरूवार तथा सिविल अस्पताल ब्यौहारी में प्रत्येक शुक्रवार तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामु. स्था. केन्द्र सिंहपुर मे प्रत्येक शनिवार को नसबन्दी सेवायें प्रदान की जावेगी।

सीएमएचओ ने बताया की राष्ट्रीय परिवार कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरुष नसबन्दी अपनाने वाले हितग्राही को शासन की तरफ से तीन हजार रूपये तथा प्रेरक को चार सौ रूपये, महिला नसबन्दी अपनाने वाले हितग्राही को दो हजार रूपये तथा प्रेरक तीन सौ रूपये तथा ए.टी.टी. (प्रसव पश्चात) नसबन्दी कराने वाले हितग्राही को तीन हजार रूपये तथ प्रेरक को चार सौ रूपये प्रदान किये जाते है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान : जिले के 108 ग्राम होंगे लाभांवित

कलेक्टर ने ली बैठक

पन्ना, देशबन्धु। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा गत 2 अक्टूबर से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। अभियान में 500 एवं अधिक जनसंख्या तथा 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले ग्रामों को लाभांवित किया जाएगा। इन ग्रामों में निवासरत जनजातीय वर्ग के लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सकेगा। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा सर्वे उपरांत प्रस्तुत कार्यों की शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत अन्य योजना व सुविधाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जाएगा। पन्ना जिले के पांच विकासखण्ड में अभियान अंतर्गत 108 ग्राम चयनित किए गए हैं। इनमें आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ के सर्वाधिक 33 और गुनौर के 9 ग्राम शामिल हैं, जबकि पन्ना विकासखण्ड में 24, पवई में 16 और शाहनगर विकासखण्ड में 26 ग्रामों का चयन किया गया है।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर चयनित ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही विभाग स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी लेकर संबंधितजनों को गंभीरतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान में संबंधित ग्रामों के जनजातीय वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना सहित 18 विभाग की योजनाओं का लाभ प्रदान किया प्राथमिकता के साथ प्रदान किया जाना है। विभागीय अधिकारियों द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आवश्यक सर्वे उपरांत लोगों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया जाए। साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभांवित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने चयनित ग्रामों में मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास, आश्रम, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका सहित कौशल उन्नयन एवं पर्यटन ग्राम के रूप में विकास के लिए होम स्टे की संभावनाओं का आंकलन कर अविलंब प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी 108 ग्राम में शत प्रतिशत घरों के विद्युतीकरण, आवश्यकतानुसार सोलर पैनल की स्थापना, एलपीजी कनेक्शन, 4जी एवं 5जी मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अजयगढ़ विकासखण्ड के संपूर्णता अभियान की भांति इस अभियान में प्रारंभिक चरण के दौरान विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के जरिए संपूर्णता व प्रगति लाने के निर्देश दिए।

इन ग्रामों का किया गया है चयन

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्वयन के लिए अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम मोहारी, सलैया, दुगरहो, बनहरी खुर्द, रायपुर, सिन्हाई, विश्रामगंज, भसूड़ा, मझगवां (कोड़ई), बरियारपुर भूमियान, भापतपुर कुर्मियान, झिन्ना, हनुमतपुर, बनहरी कला, देवरा भापतपुर, मझगांय, कुंवरपुर, पाठा, धवारी, बाराडंडेका, बाराकगरेका, भानपुर, बरकोला खुर्द, बड़ीरूघ, तरौनी, प्रतापपुर, भुजबई, भैरहा, जिगनी, मौकछ, नरदहा, तुलापुर एवं खोरा, पन्ना विकासखण्ड के ग्राम कोनी, कटहरी बिलहटा, दरेरा, मनौर, हरसा, रानीपुर, पाठा, खिरवा, रमखिरिया, लुहरहाई, कुदकपुर, गजना, शाहपुर, धनौजा, हातुपुर, पुखरा, मठली, कल्याणपुर, मनकौ, बड़ौर, गहदरा, कुड़ार, मकरी कुठार एवं राजापुर, गुनौर विकासखण्ड के ग्राम छिजौरा, बिल्हा कंगाली, नचने, मड़ैया कुलगवां, रामपुर, बरौंहा, महुआडाडा, बलगहा एवं रतनपुरा, पवई विकासखण्ड के ग्राम कढ़ना, जूही, हाड़ा, शिकारपुरा, खरमोरा, बिकौरा, बछौन, गुरजी, जूड़ा एवं चुनगुवां शामिल हैं।